**प्रेषक,**

**संजय कुमार यादव — (प्रथम)**
**अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/**
**विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट), अलीगढ**

**सेवा में,**

**माननीय, महानिबंधक**
**मा० उच्च न्यायालय, इलाहाबाद**

**द्वारा,**

**मा० जनपद एवं सत्र न्यायाधीश**
**जनपद न्यायालय, अलीगढ**

**विषय– प्रार्थी द्वारा नई कार–चल सम्पत्ति क्रय किये जाने के सम्बंध में सूचना–**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा दिनांक–22.08.2022 को एक होण्डा सिटी कार 5thGen ZX MT पेट्रोल–पंजीयन संख्या–UP 50 CJ 4422 को प्रभा व्हील्स, प्रा०लि०, जगरनाथ सराय, रानी की सराय, आजमगढ, उत्तर प्रदेश से कुल मूल्य–16,37,912/रु० में क्रय किया गया है। जिसका पंजीयन प्रमाण पत्र व बीमा की फोटोप्रति संलग्न है।

उपरोक्त कार को क्रय किये जाने के बावत प्रार्थी द्वारा किये गये भुगतान का विवरण निम्नलिखित है-

(i)- 21,000/रु० बुकिंग धनराशि का भुगतान दिनांक-19.08.2022 को प्रार्थी द्वारा अपने बचत खाता संख्या-11106153311 से आनलाइन किया गया था। **(बैंक पासबुक की फोटोप्रति संलग्न है।)**

(ii)- 6,16,912/रु० का भुगतान दिनांक-22.08.2022 को प्रार्थी द्वारा अपने बचत खाता संख्या-11106153311 से आनलाइन किया गया था। **(बैंक पासबुक की फोटोप्रति संलग्न है।)**

(iii)- 10,00,000/रु० का भुगतान प्रार्थी द्वारा दिनांक–22.08.2022 को स्टेट बैंक आफ इंडिया, शाखा आजमगढ से वाहन ऋण मु० 10,00,000/रु० प्राप्त करते हुये किया गया था। उपरोक्त ऋण की अदायगी प्रार्थी द्वारा अगले 05 वर्षों में मु० 20,301/रु० की मासिक किश्तों में किया जाना है। **(बैंक ऋण दस्तावेज की फोटोप्रति संलग्न है।)**

प्रार्थी द्वारा उपरोक्त कार को क्रय किये जाने की सूचना, भूलवश समय से प्रेषित नहीं किया जा सका। जिसके लिये प्रार्थी, क्षमा याचना करता है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त तथ्यों के आधार पर भूल को क्षमा करते हुये प्रार्थी द्वारा उपरोक्त क्रय की गयी कार की सूचना को स्वीकार किये जाने हेतु आदेश पारित करने की महती कृपा करें।

प्रार्थी, श्रीमान जी का सदैव आभारी रहेगा।

सादर,

**भवदीय,**

**(संजय कुमार यादव — (प्रथम)**
**अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/**
**विशेष न्यायाधीश (गैंगेस्टर एक्ट), अलीगढ**
H.C. Id. No.–UP06339
Personal File No. IV–3317/Admin (A)

**दिनांक:** 13.09.2024

Digitally signed by SANJAY KUMAR YADAV
Date: 2024.09.13 16:47:30 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court